प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 22.01.2025 समय : 01:00 पी.एम.

..................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बेटी बचाओ बेटी पढाओ अभियान के दस वर्ष पूरे होने के अवसर पर कहा है कि इस अभियान मे समाज के सभी वर्गो की भागीदारी रही है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इस अभियान से स्त्री–पुरूष के बीच का भेद कम हुआ है, लिंगानुपात सुधरा है तथा बालिकाओं की शिक्षा और कॅरिअर के लिए उचित वातावरण तैयार हुआ है। श्री मोदी ने लोगों से बेटियों के अधिकारों को संरक्षण देने और उनकी शिक्षा सुनिश्चित करने की अपील की ताकि बेटियां बिना किसी भेदभाव के प्रगति कर सकें। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भी इस अभियान की दसवीं वर्षगांठ पर सोशल मीडिया पोस्ट पर अपने संदेश में कहा कि इस अभियान से राजस्थान में बालिका शिक्षा का स्तर बढा है। उन्होंने कहा कि यह अभियान समाज में बालिकाओं की रक्षा और उनके विकास का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। इस अवसर पर महिला और बाल विकास मंत्रालय की ओर से नई दिल्ली में कार्यकम आयोजित किया जा रहा है। इसमें सशस्त्र बल, अर्धसैनिक बल, दिल्ली पुलिस की महिला अधिकारी, छात्राएं और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भाग ले रहे है। 10वीं वर्षगांठ के समारोह आज से 8 मार्च तक चलेंगे, जिनका समापन अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर होगा। राज्य और जिला स्तर पर भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

..................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज किसानों और पशुपालकों के साथ बजट पूर्व संवाद कर रहे है। इससे पहले कल उन्होंने महिलाओं और प्रतिभाशाली छात्राओं से संवाद किया। श्री शर्मा ने कहा कि उनके सुझावों पर विचार कर बजट में शामिल किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कल ही युवा और खेल क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ भी बजट पूर्व चर्चा की।

..................

सड़क सुरक्षा को लेकर आज से राजस्थान पुलिस अकादमी में राज्यस्तरीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। राजस्थान पुलिस तथा परिवहन विभाग की ओर से शुरू हुआ ये कार्यकम दो दिन चलेगा। कार्यकम में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, तकनीकी पहलुओं का उपयोग, यातायत व्यवस्था को सुगम तथा सुरक्षित बनाने के बारे में विचार विमर्श किया जायेगा। वहीं सड़क सुरक्षा संबंधी कानूनों और नियमों की जानकारी दी जायेगी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य के सभी जिलों के यातायात प्रभारी और कार्मिक सहित विभिन्न गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि तथा स्कूलों के विधार्थी भाग ले रहे है।

..................

महिला और बाल विकास विभाग की योजनाओं को और अधिक प्रभावी तरीक़े से धरातल पर क्रियान्वित करने के उद्देश्य से कल जयपुर के बिडला ऑडिटोरियम में राज्य स्तरीय आमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यकम में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी शिरकत करेंगी। महिला और बाल विकास शासन सचिव महेन्द्र सोनी ने बताया कि कार्यक्रम में समेकित बाल विकास सेवा के जिला स्तर के उपनिदेशक, बाल विकास परियोजना अधिकारी, महिला पर्यवेक्षक तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भाग लेंगे।

..................

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर राज्यस्तरीय समारोह जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित किया जायेगा। इस अवसर पर राज्यपाल हरिभाऊ बागडे चुनाव से जुड़े कार्यक्रमों, अभियानों और गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी तथा उत्कृष्ट कार्यों के आधार पर राज्य स्तरीय पुरस्कार देंगे। राज्यपाल नव मतदाताओं को एपिक कार्ड–मतदाता पहचान पत्र भी सौंपेंगे। मतदाता दिवस पर प्रदेशभर में जिला और बूथ स्तर पर समारोह आयोजित किए जाएंगे। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में कल जयपुर के जवाहर कला केंद्र में लोकतंत्र में जन भागीदारी विषय पर चित्रकला कार्यशाला रखी गई है। इसमें राजस्थान स्कूल ऑफ़ आट्र्स के विद्यार्थी रंगों के माध्यम से मतदाता जागरूकता के सन्देश उकेरेंगे।

..................

प्रदेश में दिन और रात के तापमान में बढोतरी के साथ ही लोगों को तेज सर्दी से और राहत मिली है। ज्यादातर स्थानों पर न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सैल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया है। हालांकि हनुमानगढ के संगरिया में रात का तापमान 5 दशमलव 8 डिग्री सैल्सियस रिकॉर्ड हुआ। मौसम विभाग के अनुसार राजधानी जयपुर में रात का पारा 13 डिग्री सैल्सियस पर पंहुच गया । रात के साथ ही दिन के तापमान में भी बढोतरी दर्ज की गई है। सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान चित्तौड़गढ़ में 29.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस बीच आज से मौसम के बदलने की संभावना है। जयपुर, भरतपुर और बीकानेर संभाग के कुछ इलाकों में बारिश हो सकती है, जबकि अलवर, झुंझुनूं, सीकर और दौसा में घना कोहरा छाये रहने के आसार है।

..................

खादी और ग्रामोद्योग आयोग की ओर से जयपुर में राज्यस्तरीय खादी प्रदर्शनी लगाई गई है। ये प्रदर्शनी 3 फरवरी तक चलेगी। प्रदर्शनी का उद्देश्य स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना और 'वोकल फॉर लोकल' के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। प्रदर्शनी में 134 स्टॉल लगाई गई हैं जिनमें से  80 खादी और 54 ग्रामोद्योग उत्पादों की स्टॉल्स है।

..................